भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 642**

8 फरवरी, 2023 को उत्तरार्थ

**सहकारी क्षेत्र संबंधी आंकड़े**

**642 श्री ए. ए. रहीमः**

क्या ***सहकारिता*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों में, वार्षिक रूप से सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में सहकारी क्षेत्र का कितना योगदान है;

(ख) विगत पांच वर्षों में सहकारी क्षेत्र के राष्ट्रीय योगदान में राज्य-वार योगदान कितना है; और

(ग) राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (एसजीडीपी) में सहकारी क्षेत्र का राज्य-वार योगदान कितना है ?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क), (ख) एवं (ग): वर्तमान में, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सहकारी समितियों के योगदान के मूल्यांकन के लिए अलग से डाटाबेस का अनुरक्षण नहीं किया जाता है । अत:, जीडीपी के प्रतिशत के रूप में सहकारी क्षेत्र के योगदान की सूचना उपलब्ध नहीं है । हालांकि, राष्ट्रीय भारतीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) द्वारा वर्ष 2018 के दौरान प्रकाशित स्टैटिस्टिकल प्रोफाइल ऑफ इंडियन कोऑपरेटिव मूवमेंट के अनुसार सहकारी समितियों की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी का अनुमानित प्रतिशत निम्नानुसार है:

**राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सहकारी समितियों की हिस्सेदारी का प्रतिशत**

| **सहकारी क्षेत्र** | **प्रतिशत (%)** |
|---|---|
| सहकारी समितियों द्वारा संवितरित **कुल कृषि त्रण** (2016-2017) | 13.40 |
| सहकारी समितियों द्वारा छोटे और सीमांत किसानों को संवितरित **अल्पकालिक कृषि त्रण** | 19.13 |
| सहकारी बैंकों + क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा जारी **किसान क्रेडिट कार्ड** (मार्च, 2017 की समाप्ति की स्थिति के अनुसार) | 67.30 |
| सहकारी समितियों द्वारा जारी **किसान क्रेडिट कार्ड** (मार्च, 2017 की समाप्ति की स्थिति के अनुसार) | 50.20 |

| | |
|---|---|
| अनुमानित **उर्वरक वितरण** (2016-2017) | 35.00 |
| **उर्वरक उत्पादन क्षमता** (वर्ष 2016-2017 के लिए 5.35 मिलियन टन) | 24.92 |
| **उर्वरक उत्पादन** (वर्ष 2016-2017 के लिए 51.62 मिलियन टन) | 28.80 |
| **उर्वरक उत्पादों की क्षमता** (वर्ष 2016-2017 के लिए 10.77 मिलियन टन) | 20.32 |
| **उर्वरक विनिर्माण इकाइयों की इंस्टॉल्ड क्षमता**<br>(3.638 मिलियन टन, एन न्यूट्रिएंट, 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार) | 25.60 |
| **उर्वरक विनिर्माण इकाइयों की इंस्टॉल्ड क्षमता**<br>(1.713 मिलियन टन, पी न्यूट्रिएंट, 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार) | 23.53 |
| **चीनी मिलों की इंस्टॉल्ड क्षमता** (31.3.2017 की स्थिति के अनुसार 284) | 38.63 |
| **चीनी उत्पादन** (31.3.2017 की स्थिति के अनुसार 5.654 मिलियन टन) | 30.60 |
| **चीनी मिलों की उपयोग क्षमता** (31.3.2017 की स्थिति के अनुसार) | 46.14 |
| सहकारी समितियों द्वारा खरीदे गए कुल दूध में से **तरल दूध का विपणन** | 84.17 |
| **कुल उत्पादन में से दूध की खरीद** (2016-17) | 9.50 |
| **विपणनयोग्य अधिशेष से दूध की खरीद** (2016-17) | 17.50 |
| **भंडारण सुविधा वाले पैक्स** (ग्राम स्तर पर) (2016-17) | 55.50 |
| सहकारी क्षेत्र की **कुल भंडारण क्षमता** (2016-17) 22.77 मिलियन मेट्रिक टन | 14.79 |
| **सहकारी समितियों में मछुआरे** (सक्रिय) | 20.05 |
| **गेहूं की खरीद** (वर्ष 2017-18 के दौरान 4.4 मिलियन टन) | 13.30 |
| **धान की खरीद** (वर्ष 2017-18 के दौरान 7.5 मिलियन टन) | 20.40 |
| **खुदरा उचित मूल्य की दुकान** (ग्रामीण + शहरी) | 20.30 |
| **सहकारी समितियों में स्पिंडलेज** (31.3.2018 की स्थिति के अनुसार 3.56 मिलियन) | 29.34 |
| सहकारी समितियों द्वारा सृजित **प्रत्यक्ष रोज़गार** | 13.30 |
| व्यक्तियों के लिए सृजित **स्व-रोज़गार** | 10.91 |

*****